आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 31.10.2025
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। राष्ट्र के ताने–बाने को कमज़ोर करने वाले किसी भी विचार या कार्य को अस्वीकार करने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं से ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किए।
- मुख्यमंत्री धामी ने 'बिल लाओ, ईनाम पाओ' मेगा लकी ड्रॉ के साथ राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया।
- विश्व धरोहर फूलों की घाटी शीतकाल में पर्यटकों के लिए बंद।

<u>प्रधानमंत्री / पटेल जयंती</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही।

प्रधानमंत्री ने देश की भाषाई विविधता की सराहना की और इसे भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के ताने–बाने को कमजोर करने वाले किसी भी विचार या कार्य को अस्वीकार करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों द्वारा ली गई एकता की शपथ में देशव्यापी भागीदारी पर कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के सामूहिक संकल्प की पुष्टि हुई है।

<u>एकता पदयात्रा</u>

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के घंटाघर में उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और एकता पदयात्रा का शुभारंभ कर उसमें भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल जी के अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना के कारण ही आज भारत एक शक्तिशाली और एकीकृत राष्ट्र के रूप में खड़ा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उधर, टिहरी, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिले समेत राज्य के अन्य जिलों में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित एकता दौड़ में स्कूली छात्र–छात्राओं, युवाओं, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। सभी ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया।

<u>उत्तराखंड झांकी</u>

गुजरात के केवडिया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के सम्मुख आयोजित एकता परेड में आज उत्तराखंड की झांकी के माध्यम से देवभूमि की प्रकृति, संस्कृति और प्रगति के विभिन्न रूप–रंगों की छटा बिखरी। 'अष्ट तत्त्व और एकत्व' की थीम पर आधारित उत्तराखंड की झांकी के माध्यम से एकता परेड में राज्य के धार्मिक स्थलों, नैसर्गिक सौंदर्य और सांस्कृतिक समृद्धि के साथ ही विकास विभिन्न आयामों को प्रदर्शित किया। सूचना विभाग

के संयुक्त निदेशक के.एस. चौहान के नेतृत्व में उत्तराखंड की झांकी के साथ राज्य के लोक कलाकारों के दल ने लोकगीत की धुनों के साथ पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन किया।

बिल लाओ ईनाम पाओ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का शुभारंभ करते हुए आज सचिवालय में 'बिल लाओ, ईनाम पाओ' के अंतर्गत मेगा लकी ड्रॉ निकाला। राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में एक हजार 888 लकी ड्रॉ विजेता चुने गए। नैनीताल जिले की सोनिया और टिहरी जिले के जसपाल रावत ने प्रथम विजेता के रूप में एक–एक इलेक्ट्रिक कार जीती।

मुख्यमंत्री ने दोनों विजेताओं से फोन पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बिल लाओ, ईनाम पाओ' योजना, राज्य में जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस नवाचार ने राज्य के राजस्व संग्रहण को एक नई चेतना और ऊर्जा दी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की, कि प्रत्येक खरीदारी पर बिल अवश्य मांगें और लेनदेन को पारदर्शी बनाकर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में शुरू की गई इस योजना के माध्यम से जनभागीदारी को कर प्रणाली से सीधे जोड़ने का प्रयास किया गया। इस योजना के तहत 6 लाख 50 हजार बिलों के माध्यम से 263 करोड़ रुपये का लेनदेन लोगों द्वारा अपलोड किया गया। इससे व्यापारी वर्ग में कर अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा मिला है और राज्य की राजस्व प्राप्ति में निरंतर वृद्धि दर्ज हुई है।

फूलों की घाटी

चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी को शीतकाल में पर्यटकों के लिए आज बंद कर दिया गया है। नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व के निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि इस वर्ष भारी बारिश और आपदाओं के बावजूद घाटी में लगभग 15 हजार 924 पर्यटक पहुंचे, जिससे पार्क प्रशासन को 33 लाख 28 हजार रुपए की आय हुई है।

फूलों की घाटी में 500 से भी अधिक प्रजाति के फूल अलग–अलग समय में खिलते रहते हैं। घाटी में प्रवेश के लिए विदेशी पर्यटकों से 800 रुपए और देश के पर्यटकों से 200 रुपए शुल्क लिया जाता है। जबकि वरिष्ठ नागरिक व छात्रों से 100 रुपए शुल्क लिया जाता है। बारह वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों के लिए फूलों की घाटी में प्रवेश निःशुल्क है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में कुम्भ मेला–2027 के लिए प्रस्तावित कार्यों की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को संस्तुति दी गई। बैठक में मुख्य सचिव ने कुम्भ मेला से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पहले चरण में अतिआवश्यक प्रकृति के कार्यों को प्राथमिकता पर लेने और समय से पूरा कराए जाने के लिए लगातार निगरानी करने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन कार्यों के शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उनके शासनादेश शीघ्र जारी किए जाएं तथा जिनके शासनादेश जारी हो गए हैं और टेण्डर प्रक्रिया हो चुकी है, उन कार्यों को भी शीघ्र शुरू कराया जाए। मुख्य सचिव ने मनसा देवी मंदिर के पहले चरण का कार्य भी जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक माह के अंदर इसका शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने हरिद्वार में घाटों के लिए वेस्ट मैनेजमेंट प्लान तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन समीक्षा

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने आज सीएम हेल्पलाइन 1905 पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सभी एल–1 और एल–2 अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता और समयबद्धता से निस्तारण करने निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारियों के स्थानांतरण होने की स्थिति में सीएम हेल्पलाइन के पोर्टल पर कार्यभार ग्रहण करने वाले अधिकारी नाम व मोबाईल नम्बर अपडेट करें।